भाश्रीअनुसं

क्रम सं. 242 दिसंबर, 2023

# श्री अन्न समाचार पत्र

हैदराबाद * सोलापुर * वरंगल * बाड़मेर




भाकृअनुप—भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, राजेन्द्रनगर, हैदराबाद - 500 030, तेलंगाना, भारत

## श्री अन्न उत्पादन, प्रसंस्करण एवं मूल्य शृंखला विकास पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने घाना, युगांडा, गाम्बिया, नाइजीरिया, बांग्लादेश, नेपाल और भूटान से आए चौदह प्रतिभागियो के लिए, एशिया-अफ्रीका दक्षिण-दक्षिण सहयोग के अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन के सहयोग से 11-21 दिसंबर, 2023 के दौरान श्री अन्न उत्पादन, प्रसंस्करण तथा मूल्य शृंखला विकास पर 10 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय विनिमय कार्यक्रम का आयोजन किया।



कार्यशाला का उद्घाटन डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद, श्री आशीष कुमार, कृषि नीति एवं विपणन विशेषज्ञ, एफएओ, भारत, डॉ. बी दयाकर राव, मु.का.अधि., न्यूट्रीहब, तथा डॉ. स्वर्णा रोणंकि, वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। श्री ताकायुकी हागिवारा, देश प्रतिनिधि, एफएओ, भारत सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे तथा उन्होंने पहले दिन प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए श्री अन्न मूल्य शृंखला विकास के संबंध में जागरूकता बढ़ाने हेतु इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का समापन सत्र 21 दिसंबर 2023 को आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. के बी आर एस विशारदा, प्रभारी निदेशक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद, डॉ. बी दयाकर राव, मु.का.अधि., न्यूट्रीहब, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद और डॉ. शालिनी भूटानी, कानूनी शोधकर्ता व नीति विश्लेषक, एफएओ, भारत की टिप्पणियां शामिल थीं।



कार्यशाला के फलस्वरूप भारत और अफ्रीका तथा एशिया के चयनित देशों के मध्य श्री अन्न मूल्य शृंखला में तकनीकी जानकारी एवं विकास के अनुभवों का आदान-प्रदान हुआ। इसका उद्देश्य श्री अन्न मूल्य शृंखला में अंतराल की पहचान, ज्ञान का आदान-प्रदान, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सर्वोत्तम प्रथाओं के माध्यम से सहयोगात्मक तरीके से देशों में समान मूल्य शृंखला के निर्माण के लिए मार्ग प्रशस्त करना है। प्रशिक्षार्थियों ने जीन संग्रह का भी दौरा किया तथा प्रदर्शित श्री अन्न



आनुवंशिक संसाधनों तथा श्री अन्न विविधता का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया और भाश्रीअनुसं-जीन संग्रह में संरक्षण व लक्षण वर्णन गतिविधियों का अवलोकन किया। इस कार्यशाला का आयोजन पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. (श्रीमती) सी तारा सत्यवती, डॉ. बी दयाकर राव, डॉ. स्वर्णा रोणंकि द्वारा तथा समन्वय डॉ. के एन गणपति, डॉ. के वेंकटेश, डॉ. एन अनुराधा, डॉ. सी दीपिका, डॉ. एस श्रीविद्या तथा डॉ. वी रवि कुमार के द्वारा किया गया।

## "बीज गुणता सुधार हेतु कटाई उपरांत उन्नत प्रौद्योगिकी" पर अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण

बीज क्षेत्र के विकास पर भारत-जर्मन द्विपक्षीय सहयोग के तत्वावधान में, भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान (भाश्रीअनुसं), हैदराबाद तथा डीएसएसटी, बीज केंद्र, टीएनएयू, कोयंबतूर के द्वारा संयुक्त रूप 18-21 दिसंबर, 2023 के दौरान "बीज गुणता सुधार के लिए उन्नत कटाई उपरांत प्रौद्योगिकियों" पर अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र में, डॉ. मनोनमणि, प्रोफेसर व प्रमुख, डीएसएसटी, टीएनएयू ने सभा में उपस्थित लोगों का स्वागत किया। डॉ. बी वेंकटेश भट, प्रधान वैज्ञानिक,



भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने प्रशिक्षण का सिंहावलोकन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. आर उमारानी, निदेशक, बीज केंद्र, टीएनएयू, डॉ. ए रविराज, डीन कृषि अभयांत्रिकी, टीएनएयू तथा श्री एक्केहार्ड श्रोएडर, दल प्रमुख, एडीटी प्रोजेक्ट कंसल्टिंग, जर्मनी ने संबोधित किया। टीएनएयू, कोयंबतूर की कुलपति डॉ. वी गीता लक्ष्मी ने अपने विशेष संबोधन में बीज के महत्व और फसल कटाई उपरांत क्षति तथा बीज की गुणता के रखरखाव पर बल दिया।

प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में फसल कटाई उपरांत प्रौद्योगिकियों, बीज गुणता में वृद्धि, बीज गुणता वृद्धि में नैनो प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग, बीज गुणता वृद्धि में नवीनतम प्रगति, बीज कोटिंग और पेलेटिंग के रुझान, बीज प्राइमिंग और उसके अनुप्रयोग, बीज सुखाने, बीज भंडारण, आदि व्यापक क्षेत्रों के विभिन्न विषयों को शामिल किया गया। प्रशिक्षण में बीज प्राइमिंग, बीज कोटिंग आदि के व्यावहारिक पहलुओं पर सैद्धांतिक और व्यावहारिक अनुभव पर गहन ज्ञान भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में प्रक्षेत्र और प्रयोगशाला का दौरा तथा फसल कटाई उपरांत बीज के रख-रखाव सीखने और अभ्यास हेतु सर्वश्री रासी सीड्स प्रा. लिमिटेड का ज्ञानवर्धक दौरा शामिल था।

प्रशिक्षण में तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक तथा केरल राज्यों के बीज प्रमाणीकरण विभाग, रा.बी.नि. और रा.कृ.विवि. के अधिकारियों और बीज उद्योग के प्रतिनिधियों सहित कुल 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया। निदेशक, भाश्रीअनुसं और प्रोफेसर और प्रमुख, डीएसएसटी, टीएनएयू के सहयोग से डॉ. सूगन्ना, डॉ. बी वेंकटेश भट्ट, डॉ. अविनाश सिंगोडे और श्री रघुनाथ कुलकर्णी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वय किया। एडीटी परियोजना परामर्श से श्री एक्केहार्ड श्रोएडर, दल प्रमुख, जर्मनी और डॉ. राघवेंद्र कवली, राष्ट्रीय समन्वयक, इंडो-जर्मन बीज क्षेत्र विकास समन्वयक थे।

## श्री अन्न प्रक्षेत्र दिवस

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने किसान प्रथम परियोजना के अंतर्गत 5 दिसंबर, 2023 को तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के चल्की और मुंगी गांवों में श्री अन्न पर एक प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसान प्रथम परियोजना के एनआरएम और बागवानी मॉड्यूल के अंतर्गत हस्तक्षेपों की निगरानी करना और हस्तक्षेप की गई प्रौद्योगिकियों पर उनकी प्रतिक्रिया एकत्र करना था। इस कार्यक्रम में उक्त गांवों के परख किसान सहित लगभग 50 किसानों ने भाग लिया। डॉ. स्वर्णा ने एनआरएम मॉड्यूल जैसे श्री अन्न आधारित अंतरा सस्यन, संतुलित उर्वरक, जैव उर्वरकों के साथ बीज उपचार, पंक्ति बुआई, मृदा व नमी संरक्षण के लिए पलवारन तथा मृत खुला खुंड के महत्व तथा श्री अन्न




किसानों की उत्पादकता और लाभप्रदता बढ़ाने हेतु उनके कार्यान्वयन के बारे में जानकारी प्रदान की। डॉ. अनुराधा ने लाभार्थियों के साथ चर्चा की और हस्तक्षेप की गई प्रौद्योगिकियों के लागत लाभ विश्लेषण की गणना करने के लिए आंकडे एकत्र किए। डॉ.

अमसिद्ध तथा डॉ. दीपिका ने श्री अन्न की उन्नत किस्मों और उत्पादकता बढ़ाने हेतु उनकी क्षमता के बारे में बताया। डॉ. मालती ने श्री अन्न फसलों के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी लाभ के बारे में जानकारी प्रदान की एवं दैनिक आहार में श्री अन्न को शामिल करने पर बल दिया। डॉ. श्रीविद्या तथा डॉ. सेवानायक ने सूखे तनाव से बचने के लिए श्री अन्न में जल प्रबंधन के महत्व को समझाया। डॉ. राजेश ने श्री अन्न में विभिन्न रोग प्रबंधन नीतियों के बारे में जानकारी दी। तत्पश्चात किसानों के खेत का दौरा किया गया। किसानों ने बहुमूल्य सुझावों हेतु आभार व्यक्त किया और परख किसानों ने भाश्रीअनुसं द्वारा दी गई उन्नत किस्मों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। इस प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन किसान प्रथम परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ. राजेंद्र चापके, प्रधान वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के मार्गदर्शन में परियोजना के सह प्रधान अन्वेषक डॉ. स्वर्णा रोणंकि, डॉ. एन अनुराधा तथा भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के वैज्ञानिक डॉ. सी दीपिका, डॉ. बी अमसिद्ध, डॉ. वी मालती, डॉ. एस श्रीविद्या, डॉ. सेवानायक एवं डॉ. जी राजेश और किप्रप परियोजना के स्टाफ स्पंदिता, सौजन्या और भगत के द्वारा किया गया।

## विश्व मृदा दिवस

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने 5 दिसंबर 2023 को तेलंगाना राज्य के संगारेड्डी जिले के रुक्मपुर और चल्की गांवों में "मृदा एवं पानी : जीवन का एक स्रोत" विषय के साथ "विश्व मृदा दिवस" पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में रुक्मपुर के लगभग 17 किसान और चल्की गांव के 30 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन सुश्री स्पंदिता, सौजन्या व भगत के सहयोग से भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के वैज्ञानिक - डॉ. स्वर्णा, डॉ. अनुराधा, डॉ. श्रीविद्या, डॉ. दीपिका, डॉ. मालती, डॉ. सेवानायक, डॉ. राजेश तथा डॉ. अमसिद्ध द्वारा किया गया।






वैज्ञानिकों ने लाभप्रद फसल उत्पादन हेतु मृदा व पानी के महत्व के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने मृदा परीक्षण की आवश्यकता, मृदा के नमूने एकत्र करने की विधि, मृदा के स्वास्थ्य को बनाए रखने और मृदा कटाव तथा क्षरण को रोकने के उपायों के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने टिकाऊ फसल उत्पादन के लिए संतुलित उर्वरक तथा मृदा जल संरक्षण उपायों पर बल दिया तथा किसानों को श्री अन्न की खेती करने के लिए भी प्रोत्साहित किया क्योंकि ये कम लागत और पानी की आवश्यकता वाली फसलें हैं तथा अपनी रेशेदार जड़ प्रणाली के साथ मृदा संरक्षक के रूप में कार्य करती हैं। किसानों व ग्रामीणों को सामुदायिक गतिविधि के रूप में मृदा रक्षा की पहल हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा, मृदा प्रबंधन पर विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों जैसे एकीकृत जल संभर प्रबंधन कार्यक्रम, राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम, नहरी क्षेत्र विकास तथा जल प्रबंधन कार्यक्रम के बारे में किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

## स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत श्री अन्न पर किसान दिवस

किसान प्रथम परियोजना (किप्रप) के अंतर्गत *स्वच्छता पखवाड़ा* के एक भाग के रूप में परियोजना गांव - तेलंगाना राज्य के सागारेड्डी जिले के न्याल्कल मंडल में जिला परिषद हाई स्कूल, चल्की में 23 दिसंबर, 2023 को श्री अन्न पर किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्री शैलू, प्रधानाध्यापक, जेडपी स्कूल और श्री यू राजप्पा और श्री रियाजुद्दीन, पंचायत सदस्य के अलावा कुल 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम के दौरान, डॉ. एन अनुराधा, वैज्ञानिक एवं सह-प्र.अ., किप्रप ने स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम कैसे शुरू किया गया और हमारे देश के लिए इसका क्या महत्व है। उन्होंने श्री अन्न के महत्व के बारे में भी किसानों को संबोधित किया। डॉ. सेवानायक, वैज्ञानिक ने फसलों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए श्री अन्न के महत्व के बारे में बताया। डॉ. मुकेश, वैज्ञानिक ने श्री अन्न के स्वास्थ्य लाभों और अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष 2023 महोत्सव के बारे में बताया। श्री वीरशेट्टी, मु.का.अधि., गैर-

सरकारी संगठन-भवानी फूड्स ने श्री अन्न प्रसंस्करण और मूल्य-वर्धन के महत्व के साथ-साथ कार्यस्थल पर स्वच्छता और सफाई बनाए रखने के बारे में जानकारी प्रदान की। किसानों को नवीनतम श्री अन्न खेती पद्धतियों पर साहित्य उपलब्ध कराया गया। अंत में, सुश्री स्पंदिता, वरिष्ठ शोध अध्येता ने प्रतिभागियों और छात्रों को स्वच्छता शपथ दिलाई और उनसे विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों को साफ करने को कहा। यह कार्यक्रम परियोजना प्र.अ., डॉ. राजेंद्र आर चापके, प्रधान वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

### श्री अन्न पर प्रक्षेत्र दिवस

किसान प्रथम परियोजना के अंतर्गत तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के रुक्मपुर और चल्की गांवों में 12 दिसंबर, 2023 को श्री अन्न पर एक प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रबी ज्वार पर परियोजना हस्तक्षेप के प्रदर्शन का निरीक्षण करना व एनआरएम के अंतर्गत जंगली जानवर प्रतिरोध (हर्बोलिव+) को पेश करना तथा किसानों के साथ चर्चा और उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करना था। प्रक्षेत्र दिवस के अवसर पर, भाश्रीअनुसं के दल ने रुक्मपुर और चल्की गांव में किसानों के समक्ष "हर्बोलिव" का प्रदर्शन किया और इसके उपयोग व लाभों के बारे में जानकारी प्रदान की। दल ने श्री सोमला नायक, एक परख किसान, के रबी ज्वार के खेत का दौरा किया, जिसमें फसल पौद अवस्था में थी। तत्पश्चात मूंगी गांव में लाल चने का परीक्षण किया, जहां फसल परिपक्वावस्था में थी। इस



कार्यक्रम में भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं से सुश्री स्पंदिता, वरिष्ठ शोध अध्येता, सुश्री सौजन्या, प्रक्षेत्र सहायक, श्री भगत, प्रक्षेत्र सहायक, और किउसं अधिकारी; श्री राजेश और श्री संगमेश सहित परियोजना परीक्षण के किसानों ने भाग लिया। इसका आयोजन परियोजना प्र.अ., डॉ. राजेंद्र आर चापके, प्रधान वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के मार्गदर्शन में किया गया।

### मेरा गांव, मेरा गौरव के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने 16-31 अक्तूबर 2023 के दौरान आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत *मेरा गांव मेरा गौरव कार्यक्रम* के एक भाग के रूप में 18 दिसंबर 2023 को बालानगर मंडल, महबूबनगर जिले, तेलंगाना के पोलीमेरा थांडा में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया। डॉ. बी सुब्बारायडु, प्रधान वैज्ञानिक, भाश्रीअनुसं ने स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम गतिविधियों के महत्व और अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष (आईवाईओएम) - 2023 के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में लगभग 100 ग्रामीणों को पारिस्थितिक रूप से सुरक्षित और टिकाऊ स्वच्छता के लिए सभी कृषि लागत प्रभावी और उचित प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा, किसानों को बड़े पैमाने पर कृषि लाभ बढ़ाने के लिए स्वयं सहायता समूहों के गठन के बारे में बताया गया। उन्होंने स्वच्छता, समय-समय पर खेतों से खरपतवार हटाने और गांवों में सड़क के किनारे पेड़ लगाने सहित स्वच्छ और हरित गांव की अवधारणा की आवश्यकता के बारे में भी बताया। भाश्रीअनुसं के वैज्ञानिक डॉ. सेवानायक ने किसानों को श्री अन्न मूल्य वर्धन से अवगत कराया।

### देवरकद्र किउसं में किसान दिवस

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने देवरकद्र फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड बसवईपल्ली गांव, महबूबनगर में *किसान दिवस - 2023 मनाया।* इस कार्यक्रम में श्री के श्रीनिवास बाबू, डॉ. संगप्पा, डॉ. रफ़ी और भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के किउसं-एनईएसटी, सुश्री स्वाति, एईओ, देवरकद्र, मु.का.अधि., निदेशक मंडल और किसान उपस्थित थे। भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के वैज्ञानिकों ने कार्यक्रम के दौरान उन्नत कृषि पद्धतियों के बारे में बताया और किसानों को उच्च उपज वाले श्री अन्न बीज निःशुल्क वितरित किए। इसके अलावा "स्वच्छता पखवाड़ा - 2023" जागरूकता कार्यक्रम भी मनाया गया।

### ई-अपशिष्ट नियमों पर वेबिनार

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं-हैदराबाद में स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर 19 दिसंबर, 2023 को एक वेबिनार आयोजित किया गया। श्री पारस गुप्ता, विशेषज्ञ और वरिष्ठ पर्यावरणविद्, जेम एनवायरो मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली ने आभासी रूप में "ई-अपशिष्ट-नए दिशानिर्देशों के अनुसार अपशिष्ट नियम" विषय पर व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम में भाश्रीअनुसं और इसके क्षेत्रीय



केंद्र-रबी ज्वार अनुसंधान केंद्र, सोलापुर के कर्मचारियों ने भाग लिया। श्री पारस गुप्ता ने नए ई-अपशिष्ट (प्रबंधन) नियम, 2022 के बारे में बताया, जो 1 अप्रैल 2023 से भारत में लागू होंगे और इसका उद्देश्य खतरनाक पदार्थों के उपयोग को कम करना और झूठे दावों से बचना, विशिष्ट पुनर्चक्रण लक्ष्य निर्धारित करना और नई ईपीआर व्यवस्था शुरु करना है। डॉ. के बी आर एस विशारदा ने श्रीमती डी रेवती तथा डॉ. वी रवि कुमार, भाश्रीअनुसं की सहायता से इस कार्यक्रम का समन्वय किया।

### श्री अन्न अर्ध शीत वॉकथॉन

भाकृअनुप - भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के सहयोग से पीरनचेरुवु रनर्स (पीसीआर) एसोसिएशन के द्वारा 17 दिसंबर 2023 को श्री अन्न विंटर हाफ वॉकथॉन का आयोजन किया गया। वॉकथॉन का उद्देश्य आम जनता के बीच श्री अन्न के बारे में जागरूकता पैदा करना तथा इनके उपयोग को बढ़ावा देना था। वॉकथॉन ने पीबीईएल शहर के निवासियों और हैदराबाद के पीरनचेरुवु क्षेत्र के अन्य समुदायों को सक्रिय एवं स्वस्थ जीवन शैली तथा श्री अन्न पर जागरूकता को बढ़ावा प्रदान करने हेतु लगभग 10 किलोमीटर दूर राजेंद्रनगर में स्थित भाश्रीअनुसं संस्थान तक दौड़ में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. (श्रीमती) सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाश्रीअनुसं ने सभा को संबोधित किया और आधुनिक जीवन शैली में भोजन की आदतों में बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. बी दयाकर राव, प्रधान वैज्ञानिक, भाश्रीअनुसं ने दैनंदिन पौष्टिक भोजन के रूप में श्री अन्न की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया। स्वस्थ विकल्पों को बढ़ावा देने की परंपरा को जारी रखते हुए, दौड़ के अंत में धावकों को भाश्रीअनुसं में पौष्टिक श्री अन्न आधारित नाश्ता वितरित किया गया। डॉ. वी रविकुमार, तकनीकी अधिकारी, भाश्रीअनुसं ने उत्कृष्टता केंद्र और न्यूट्रीहब के अन्य कर्मचारियों सहयोग से इस कार्यक्रम का समन्वय किया।




### अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न दिवस

अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष 2023 के प्रचार के लिए कार्यक्रमों की शृंखला के एक भाग के रूप में, 12 दिसंबर 2023 को हैदराबाद के लुलु मॉल में अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान और इसके न्यूट्रीहब प्रशिक्षित स्टार्ट-अप - सर्वश्री ट्रू गुड, हरिका फूड्स, इनर बीइंग और हेल्थ सूत्र ने लुलु ग्रुप के सहयोग से दुनिया भर में श्री अन्न मूल्यवर्धित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए लुलु मिलेट उत्सव में अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। डॉ. (श्रीमती) सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाश्रीअनुसं- हैदराबाद ने मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में भाग लिया और श्री अन्न के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी लाभ पर बल दिया और जनता से अपने दैनिक आहार में कम से कम एक श्री अन्न शामिल करने का आग्रह किया।



### *स्वच्छता पखवाड़ा*

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने भाकृअनुप संस्थानों में 8वें स्वच्छता पखवाड़ा क्रियान्वयन कार्यक्रम में भाग के रूप में 16-31 दिसंबर, 2023 के दौरान सफलतापूर्वक *स्वच्छता पखवाड़ा* अभियान का आयोजन किया। इस अवसर पर, भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान ने परिषद के दिशानिर्देशों के अनुपालन में, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद तथा सोलापुर, महाराष्ट्र स्थित रबी ज्वार

अनुसंधान केंद्र के कर्मचारियों के उत्साहपूर्ण सहयोग से सार्थक योजना बनाने एवं स्वच्छता पखवाड़ा चलाने की पहल की। इस संबंध में प्राप्त निर्देशों के अनुसार परिषद को दिन-प्रतिदिन की रिपोर्ट भी भेजी गई।
स्वच्छता पखवाड़ा संबंधी गतिविधियों का सार निम्नानुसार है :

**16.12.2023 :** भाश्रीअनुसं स्टाफ ने संस्थान, शहर और देश को साफ-सुथरा रखने के लिए 'स्वच्छता शपथ' ली। यह प्रतिज्ञा भाश्रीअनुसं-हैदराबाद की निदेशक डॉ. (श्रीमती) तारा सत्यवती की उपस्थिति में हिंदी और अंग्रेजी में दिलाई गई। इस अवसर पर निदेशक, भाश्रीअनुसं ने अनुसंधान प्रक्षेत्रों तथा संस्थान परिसर एवं कार्य क्षेत्रों में स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण बनाने के लिए स्वच्छता पर बल दिया।

**17.12.2023 :** दूसरे दिन परिसर में सफाई कार्यक्रम चलाया गया और भाश्रीअनुसं के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में भाग लिया और मुख्य भवन परिसर की सफाई की, पिछवाड़े तथा पुराने भंडार क्षेत्र से अपशिष्ट पदार्थ हटाए।




**18.12.2023 :** मेरा *गांव मेरा गौरव* कार्यक्रम के अंतर्गत तेलंगाना में महबूबनगर जिले के दत्तक ग्रहित गांव पोलीमेरा टांडा में जागरूकता कार्यक्रम और स्वच्छता अभियान चलाया गया। ग्रामीणों तथा किसानों को स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता, गांव की सफाई, खरपतवार हटाने एवं पेड़ लगाने के बारे में जानकारी दी गई।

**19.12.2023 :** जेम इन्विरॉ मैनेजमेंट प्रा. लि, नई दिल्ली के विशेषज्ञ व वरिष्ठ पर्यावरणविद् श्री पारस गुप्ता ने आभासी रूप में "नए दिशा-निर्देशों के अनुसार ई-अपशिष्ट नियम" पर व्याख्यान दिया।



**20.12.2023 :** राजेंद्रनगर के समीप भवानी कॉलोनी की गृहणियों के लिए जैविक कचरे के उपयोग पर एक विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। उन्हें स्वच्छता पखवाड़ा के महत्व एवं भाश्रीअनुसं द्वारा संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें छतों पर अपने रसोई उद्यान हेतु जैविक खेती के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। रोजमर्रा के जैविक रसोई और घरेलू अपशिष्ट जैसे सब्जियों के छिलके आदि का उपयोग करके जैविक खाद आधारित गमले तैयार करने हेतु प्रदर्शन भी किया गया।

**21.12.2023 :** सरकारी प्राथमिक विद्यालय, हनुमान नगर, राजेंद्रनगर मंडल, रंगारेड्डी जिला, तेलंगाना में अनुसंधान जल पुनर्चक्रण तथा जल संचयन गड्ढा तैयार किया गया। भाश्रीअनुसं के कर्मचारियों ने बच्चों को भूजल के महत्व और पानी के विवेकपूर्ण उपयोग के बारे में शिक्षित किया। इससे परिसर भी साफ रहेगा और पानी भी रिचार्ज होगा। परिसर में शौचालयों से निकलने वाले सीवरेज के पानी के जमाव, दुर्गंध और मच्छरों के पनपने से बचने हेतु स्कूल परिसर में अपशिष्ट जल संग्रहण गड्ढा तैयार किया गया। बच्चों को शौचालय के बाद अपने हाथ साबुन से साफ रखने की भी सलाह दी गई।

**22.12.2023 :** तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले के राजेंद्रनगर मंडल के हनुमान नगर स्थित सरकारी प्राथमिक विद्यालय में परिसर की सफाई और स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाश्रीअनुसं के कर्मचारियों ने स्कूल परिसर के स्वच्छता अभियान में भाग लिया और पेड़ों के तनों पर सफेदी लगाई। बच्चों को विद्यालय परिसर एवं अपने आवास पर भी साफ-सफाई रखने की सलाह दी गई। भाश्रीअनुसं स्टाफ ने बच्चों को मास्क एवं साबुन व शिक्षण संकाय को सैनिटाइजर की बोतलें वितरित कीं।

**23.12.2023 :** भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने किसान प्रथम परियोजना के अंतर्गत तेलंगाना राज्य के संगारेड्डी जिले के न्याल्कल मंडल में चल्की, परियोजना गांव में किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें कुल 150 किसानों ने भाग लिया।

**24.12.2023 :** भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने तेलंगाना के देवरकद्र फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड बसवईपल्ली गांव, महबूबनगर में स्वच्छता जागरूकता दिवस और किसान दिवस-2023 मनाया। नाबार्ड और भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद द्वारा प्रवर्तित पालमूरु किउसं कार्यालय व सब्जी खरीद केंद्र का टंकारा गांव, हनवाड़ा (एम) महबूबनगर में भी उद्घाटन किया गया।

इसके अलावा किसान दिवस और स्वच्छता पखवाड़ा अभियान भी चलाया गया।

**25.12.2023 :** भारतीय विद्या भवन के विद्याश्रम स्कूल, एनआईआरडी परिसर, राजेंद्रनगर, हैदराबाद में स्वच्छता व स्वच्छता अभियान का दूसरा चरण आयोजित किया गया था। भाश्रीअनुसं कर्मचारियों द्वारा परिसर की सफाई तथा पेड़ के तने की पुताई का काम किया गया। कॉलोनी कल्याण संघ के सहयोग से भवानी कॉलोनी, राजेंद्रनगर, हैदराबाद के आवासीय लेआउट में वृक्षारोपण का कार्य भी किया गया।

**26.12.2023 :** भारतीय विद्या भवन के विद्याश्रम स्कूल, एनआईआरडी परिसर, राजेंद्रनगर, हैदराबाद में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के अलावा स्कूल के छात्रों के लिए "कचरा मुक्त भारत, स्वच्छ भारत" विषय पर एक ड्राइंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विद्यालय परिसर को सुंदर बनाने के लिए विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी चलाया गया।

**27.12.2023 :** फार्म यार्ड सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भाश्रीअनुसं, हैदराबाद तथा रज्वाअनुके-सोलापुर के कर्मचारियों ने कटी-फटी नायलॉन थैलियां, प्लास्टिक की बोतलें व फटे यूरिया बैग को हटाकर खेतों की सफाई में भाग लिया और गहाई क्षेत्र को भी साफ किया।

**28.12.2023 :** राजेंद्रनगर के पास माणिक्यम्मा नगर कॉलोनी की गृहणियों के लिए जैविक कचरे के उपयोग पर विशेष अभियान चलाकर, उन्हें रसोई उद्यान हेतु जैविक खेती के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। मेड़ों और खांचों की तैयारी तथा भूखंडों में जैविक खाद के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करने हेतु एक घर पर प्रदर्शन भी किया गया। पानी की टंकियों व वाटर कूलरों की सफाई की गई।

**29.12.2023 :** भाश्रीअनुसं स्टाफ के द्वारा गौशाला के जैविक अपशिष्ट, गाय के गोबर तथा मृदा कीचड़ का उपयोग करके खाद के गड्ढे बनाने के लिए, हैदराबाद के राजेंद्रनगर मंडल के कोटवालगुडा गांव में हनुमान गौशाला में एक सामुदायिक प्रदर्शन आयोजित किया गया।

**30.12.2023 :** हनुमान नगर के समीप राम मंदिर में सफाई अभियान चलाया गया। रास्ते के किनारों पर लगे झाड़-झंखाड़ को हटाया गया तथा परिसर की साफ-सफाई की गयी। हनुमान नगर में राम मंदिर के अलावा आसपास की कॉलोनियों के बच्चों के खेलने के मैदान की भी सफाई की गई।

**31.12.2023 :** भारतीय विद्या भवन स्कूल, एनआईआरडी परिसर, राजेंद्रनगर, हैदराबाद में परिसर की सफाई और भूनिर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल के स्टाफ ने सफाई में भाग लिया तथा लॉन वृक्षारोपण, फूलों की खेती एवं बीज बुआई विधि के प्रदर्शन का अवलोकन किया।

उपरोक्त आयोजनों के अलावा निम्नलिखित गतिविधियाँ भी शुरू की गईं और उन पर ध्यान दिया गया:

- **वेबसाइट** पर स्वच्छता संदेश और भाश्रीअनुसं, हैदराबाद में संपन्न गतिविधियों का प्रदर्शन।
- पूरे परिसर में **होर्डिंग** के माध्यम से स्वच्छता संदेश प्रदर्शित।
- जागरूकता पैदा करने के लिए सोशल मीडिया अर्थात **फेस बुक** व **ट्विटर (एक्स)** का उपयोग।
- भारत सरकार के द्वारा प्रसारित **कोविड** से संबंधित मानक दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन।

### डॉ. एस एन सक्सेना के द्वारा कार्यभार ग्रहण

**डॉ. शैलेन्द्र नाथ सक्सेना**, प्रधान वैज्ञानिक (पादप कार्यिकी) ने परिषद की नियुक्ति के अनुपालन में 01 दिसंबर, 2023 को गुड़ामालानी, बाड़मेर, राजस्थान में स्थित भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान के क्षेत्रीय बाजरा अनुसंधान केंद्र के प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। *श्री अन्न परिवार उनका हार्दिक स्वागत करता है।*

### आगंतुक

***गणमान्य व्यक्ति***

श्री अन्न (मिलेट्स) को लगभग 20 वर्षों से पुनर्जीवित करने हेतु कार्यरत **पद्मश्री खादिर वली**, मैसूरु, कर्नाटक तथा देश में

प्राकृतिक खेती की अवधारणा को आगे बढ़ाने में संलग्न **पद्मश्री सुभाष पालेकर**, अमरावती, महाराष्ट्र ने श्री दुर्गा प्रसाद, पूर्व विधायक, समस्तीपुर, डॉ. गंगी रेड्डी और श्री रामबाबू, श्री अन्न उद्यमियों के साथ 12 दिसंबर 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद का दौरा किया। डॉ. (श्रीमती) तारा सत्यवती, निदेशक, भाश्रीअनुसं ने उन्हें उत्पादन बढ़ाने के लिए भाश्रीअनुसं में संचालित अनुसंधान गतिविधियों, कार्य योजनाओं के बारे में बताया। समूह ने भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के प्रौद्योगिकी व्यवसाय ऊष्मायन केंद्र, न्यूट्रीहब का भी दौरा किया और खाद्य प्रसंस्करण प्रयोगशाला में श्री अन्न प्रसंस्करण इकाइयों एवं मूल्य वर्धित प्रौद्योगिकियों का अवलोकन किया। डॉ. बी दयाकर राव, प्रधान वैज्ञानिक, मु.का.अधि.-न्यूट्रीहब ने भी दल के साथ चर्चा की। डॉ. जे स्टेनली, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने इस दौरे का समन्वय किया।




***किसान***

**हमीरपुर तथा बांदा, उत्तर प्रदेश :** श्री अरुण द्विवेदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय सहारा सेवाश्रम परिषद, हमीरपुर तथा बांदा जिलों के अस्सी किसानों ने अंतर-राज्य ज्ञानवर्धन यात्रा के अंतर्गत 04 दिसंबर, 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं का दौरा किया। उन्हें श्री अन्न की खेती, विभिन्न प्रौद्योगिकियों की उपलब्धता, श्री अन्न जननद्रव्य, श्री अन्न मूल्यवर्धन एवं प्रसंस्करण मशीनों के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. महेश कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राभा) ने दौरे का समन्वय किया।



**रायबरली, उत्तर प्रदेश :** श्री विजय तिवारी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के रायबरेली से श्री अन्न पुनरुद्धार योजना कार्यक्रम के अंतर्गत पैंतालीस किसानों ने अंतर-राज्य ज्ञानवर्धन यात्रा के अंतर्गत 05 दिसंबर, 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं का दौरा किया। उन्हें श्री अन्न की खेती, विभिन्न प्रौद्योगिकियों की उपलब्धता, श्री अन्न जननद्रव्य, श्री अन्न मूल्यवर्धन एवं प्रसंस्करण मशीनों के बारे में जानकारी दी गई। वैज्ञानिक डॉ. संगप्पा ने उन्हें किउसं गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की। डॉ. महेश कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राभा) ने दौरे का समन्वय किया।



**बेल्लमपल्ली, आंध्र प्रदेश :** कृविकें, बेल्लमपल्ली, आंध्र प्रदेश के 40 किसानों ने नवीनतम श्री अन्न प्रौद्योगिकियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए 7 दिसंबर 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद का दौरा किया। यात्रा के दौरान, प्रतिभागियों ने श्री अन्न की उपलब्ध उन्नत किस्मों तथा श्री अन्न क्षेत्र में व्यापार के बहुमूल्य अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त की। डॉ. संगप्पा व उनके परियोजना दल ने इस दौरे का समन्वय किया।

**छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश :** श्री योगेश चोपड़े के नेतृत्व में आत्मा, कृषि विभाग, छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश के चालीस किसानों ने अंतर-राज्य ज्ञानवर्धन यात्रा के अंतर्गत 27 दिसंबर, 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं का दौरा किया। उन्हें श्री अन्न की खेती, विभिन्न प्रौद्योगिकियों की उपलब्धता, श्री अन्न जननद्रव्य, श्री अन्न मूल्यवर्धन एवं प्रसंस्करण मशीनों के बारे में जानकारी दी गई। इस यात्रा का संचालन डॉ. महेश कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राभा), डॉ. वी रवि कुमार, तकनीकी अधिकारी के द्वारा

किया गया तथा समन्वय डॉ. महेश कुमार के द्वारा किया गया।

**मिर्ज़ापुर, उत्तर प्रदेश :** श्री अरुण द्विवेदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सहारा सेवाश्रम परिषद, उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर जिले के पचास किसानों ने अंतर-राज्य ज्ञानवर्धन यात्रा के अंतर्गत 27 दिसंबर, 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं का दौरा किया। उन्हें श्री अन्न की खेती, विभिन्न प्रौद्योगिकियों की उपलब्धता, श्री अन्न जननद्रव्य, श्री अन्न मूल्यवर्धन एवं प्रसंस्करण मशीनों के बारे में जानकारी दी गई। इस यात्रा का संचालन एवं समन्वय डॉ. महेश कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राभा) के द्वारा किया गया।



**कृविकें वरंगल, तेलंगाना :** डॉ. अरुण ज्योति, वैज्ञानिक के नेतृत्व में कृषि विज्ञान केंद्र ममनूर (पीवीएनआरटीयूवी), वरंगल, तेलंगाना की ग्यारह महिला किसानों ने 28 दिसंबर, 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं का दौरा किया। उन्हें भाश्रीअनुसं गतिविधियों और श्री अन्न के प्राथमिक तथा द्वितीयक प्रसंस्करण के बारे में जानकारी दी गई। इस यात्रा का संचालन और समन्वयन न्यूट्रीहब दल की सहायता से डॉ. महेश कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राभा) के द्वारा किया गया।

**ओडिशा :** ओडिशा राज्य के कुल 25 किसानों ने 14 दिसंबर, 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद का दौरा किया और जीनसंग्रह में संरक्षित श्री अन्न आनुवंशिक विविधता का अवलोकन किया। डॉ. कर्णम वेंकटेश, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने इस दौरे का समन्वय और किसानों के साथ चर्चा की तथा श्री अन्न जननद्रव्य की विविधता दिखाई।

### *कृषि विभाग, मध्य प्रदेश के अधिकारी*

मध्य प्रदेश से श्री आर पी झारिया, परियोजना निदेशक, आत्मा, अनुराग पटेल, सहायक निदेशक, रामेंद्र सिंह, एसडीओ (एजी), एस के मिंज, सहायक निदेशक और प्रदीप कुशवाह, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने श्री अन्न खेती की प्रौद्योगिकी और इसके मूल्यवर्धन के बारे में जानने के लिए 11-12 दिसंबर, 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं का दौरा किया। उन्हें श्री अन्न की खेती, विभिन्न प्रौद्योगिकियों की उपलब्धता, श्री अन्न जननद्रव्य, श्री अन्न मूल्यवर्धन एवं प्रसंस्करण मशीनों के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. महेश कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राभा) ने दौरे का समन्वय किया।



### *छात्र*

डॉ. सौरभ सिंह, सहायक प्रोफेसर के नेतृत्व में रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी से बीएससी (कृषि) चतुर्थ वर्ष के तैंतीस छात्रों के समूह ने अखिल भारतीय शैक्षणिक भ्रमण के भाग के रूप में श्री अन्न की खेती, प्रसंस्करण और मूल्य वर्धन के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए 13 दिसंबर, 2023 को भाश्रीअनुसं, हैदराबाद का दौरा किया। उन्हें श्री अन्न की खेती, विभिन्न प्रौद्योगिकियों की उपलब्धता, प्राथमिक और माध्यमिक प्रसंस्करण और श्री अन्न के मूल्यवर्धन के बारे में जानकारी दी गई। इस यात्रा का संचालन डॉ. महेश कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राभा), श्री रघुनाथ कुलकर्णी और श्री राजप्पा, तकनीकी अधिकारी के द्वारा तथा समन्वय डॉ. महेश कुमार के द्वारा किया गया।

### *प्रशिक्षार्थी*

सुश्री साई श्री, सलाहकार, मैनेज, हैदराबाद के नेतृत्व में मैनेज, हैदराबाद में प्रशिक्षणरत ओडिशा राज्य के पच्चीस अधिकारियों ने 28 दिसंबर, 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं का दौरा किया। उन्हें भाश्रीअनुसं, न्यूट्रीहब, उत्कृष्टता केंद्र की अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों और श्री अन्न के प्राथमिक व द्वितयीक प्रसंस्करण के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. महेश कुमार, सहायक

मुख्य तकनीकी अधिकारी (राभा) ने न्यूट्रीहब दल की सहायता से इस दौरे का संचालन एवं समन्वय किया।



## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद की राजभाषा कार्यान्वयन समिति (राकास) की 67वीं बैठक 29 दिसंबर, 2023 को आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष डॉ. (श्रीमती) सी तारा सत्यवती के स्वागत भाषण से हुई। बैठक में अन्य सदस्य - डॉ. जिनु जेकब, प्रभारी अधिकारी, हिंदी कक्ष, श्रीमती ऋतु दलाल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, श्री शेख रुक्मान, वित्त एवं लेखा अधिकारी तथा सदस्य सचिव, डॉ. महेश कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राभा) उपस्थित थे। सदस्य सचिव द्वारा प्रस्तुत राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तथा निर्णय लिया गया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि भाश्रीअनुसं के कार्यक्रमों के बोर्ड व बैनर द्विभाषी में तैयार किए जाएं।

## व्याख्यान

**डॉ. स्वर्णा रोणंकि** ने 20 दिसंबर, 2023 को खाद्य व कृषि संगठन और भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित श्री अन्न उत्पादन, प्रसंस्करण और मूल्य शृंखला विकास पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला के प्रशिक्षार्थियों को श्री अन्न की बेहतर उत्पादन प्रथाओं पर एक व्याख्यान दिया।

**डॉ. संगप्पा सी,** वैज्ञानिक भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने 11 दिसंबर, 2023 को यूएएस, बैंगलोर के द्वारा कनकपुरा में आयोजित श्री अन्न जैविक और प्राकृतिक खेती (आईसीएमओएफ-2023) पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान "बाजार लिंकेज और उद्यमिता विकास" पर व्याख्यान तथा किउसं के माध्यम से श्री अन्न को बढ़ावा देने की कार्य-नीतियों पर सुझाव दिए।

## किउसं समाचार

### *(एनआई-एमएमएमई), हैदराबाद*

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के परियोजना कार्मिक डॉ. रफी ने 6 दिसंबर, 2023 को श्री अन्न प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमएमडीपी) के एक भाग के रूप में राष्ट्रीय सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम संस्थान (एनआईएमएसएमई), हैदराबाद में 25 श्री अन्न उद्यमियों के लिए श्री अन्न के क्षेत्र में व्यापार के अवसरों पर व्याख्यान दिया।

### *महबूबनगर किउसं का मूल्यांकन*

श्री श्रीनिवास बाबू तथा डॉ. संगप्पा, वैज्ञानिक, भाश्रीअनुसं ने किउसं नेस्ट दल के साथ 8 दिसंबर, 2023 को महबूबनगर किउसं का दौरा किया और देवरकद्र किउसं, बालानगर किउसं और पालमूरू वेजिटेबल किउसं की प्रगति की निगरानी की। उनकी परिचालन और वित्तीय स्थिति के मूल्यांकन हेतु मु.का.अधि., लेखाकारों और निदेशक मंडल के साथ चर्चा की गई।



### *किउसं दल के द्वारा दुंदुबी एफपीसीएल का दौरा*

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के परियोजना कार्मिक डॉ. रफी ने किउसं की गतिविधियों की समीक्षा एवं निगरानी हेतु 11 दिसंबर 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद द्वारा प्रवर्तित मिडजिल में धुंदुबी फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का दौरा किया।

### *किउसं दल का मान्यम देवरकद्र (एफपीसीएल) दौरा*

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के किउसं-नेस्ट के श्री रामकिरण ने कार्यालय व्यवस्था में सुधार हेतु 11 दिसंबर, 2023 को मान्यम देवरकद्र फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का दौरा किया। तत्पश्चात किउसं की भावी व्यावसायिक योजनाओं व आउटपुट व्यवसाय पर मान्यम देवरकद्र के मु.का.अधि., लेखाकार तथा कृषि अधिकारी के साथ चर्चा की।

### *श्री अन्न प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयों का प्रदर्शन*

किउसं-नेस्ट के श्री रामकिरण ने 12 दिसंबर, 2023 को ओडिशा के कृषि अधिकारियों के लिए भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं में उपलब्ध श्री अन्न प्राथमिक प्रसंस्करण केंद्र सुविधाओं की कार्य प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में नवीनतम श्री अन्न प्राथमिक प्रसंस्करण केंद्रों की परिचालन प्रक्रियाओं, श्री अन्न प्रसंस्करण में प्रौद्योगिकी प्रगति तथा सर्वोत्तम प्रथाओं का व्यापक अवलोकन शामिल था।



***श्री अन्न प्रदर्शनी स्टाल***

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद द्वारा प्रवर्तित लंबसिंगी ट्राइबल प्रोडक्ट्स एफपीसी लिमिटेड और जेवर्गी तालुका मिलेट्स एफपीसीएल ने अफ्रीकी-एशियाई ग्रामीण विकास संगठन (एएआरडीओ) के द्वारा मैनेज, हैदराबाद के सहयोग से 12 दिसंबर, 2023 को आयोजित "वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए श्री अन्न पर अंतर्राष्ट्रीय गोलमेज बैठक" में भाग लिया और अपने श्री अन्न मूल्य वर्धित उत्पादों का प्रदर्शन किया।

***नई दिल्ली में एशियन-भारत श्री अन्न महोत्सव में किउसं की भागीदारी***

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद द्वारा प्रवर्तित लंबसिंगी ट्राइबल प्रोडक्ट्स एफपीसी लिमिटेड ने 14 - 15 दिसंबर, 2023 के दौरान कृषि और किसान कल्याण विभाग, नई दिल्ली द्वारा आयोजित "एशियन-भारत श्री अन्न महोत्सव" में भाग लिया और अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। इस आयोजन ने लंबसिंगी किउसं को एशियायी सदस्य देशों के साथ अंतर्राष्ट्रीय संबंध बनाकर अपने व्यवसाय का विस्तार करने में सहायता की।

***श्री अन्न खेती पद्धतियों पर प्रशिक्षण तथा जागरूकता कार्यक्रम***

जलवायु लचीली कृषि के लिए ओडिशा एकीकृत सिंचाई परियोजना (ओआईआईपीसीआरए) के किसानों ने श्री अन्न की खेती प्रथाओं पर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम के भाग के रूप में 13 दिसंबर 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद का दौरा किया। प्रतिभागियों को श्री अन्न जैव विविधता को समझाने के लिए जीन संग्रह और पीजेटीएसएयू श्री अन्न ऊष्मायन केंद्र में ले जाया गया।

***सब्जी संग्रहण केंद्र का उद्घाटन***

नाबार्ड और भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद द्वारा प्रवर्तित पालमूरु किउसं कार्यालय व सब्जी खरीद केंद्र का 22 दिसंबर 2023 को टंकारा गांव, हनवाड़ा (एम) महबूबनगर में उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में वैज्ञानिकों और भाश्रीअनुसं दल (डॉ. श्रीनिवास बाबू, डॉ. संगप्पा, डॉ. रफी, रामकिरण, करिश्मा, मेघना) और आईएफडीसी दल (श्री शंकर और श्री साई) के साथ-साथ निदेशक मंडल, मु.का.अधि., सरपंच, एमपीपी, एमपीटीसी तथा किसान उपस्थित थे। भाश्रीअनुसं और आईएफडीसी दल द्वारा सब्जी संग्रह केंद्र की परिचालन प्रक्रियाओं और किउसं के रखरखाव के बारे में बताया गया। इसके अलावा किसान दिवस तथा स्वच्छता पखवाड़ा भी मनाया गया।

***नई दिल्ली में कृषि एक्सपो***

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद द्वारा प्रवर्तित चिंतापल्ली ब्लॉक, एएसएसआर जिला, आंध्र प्रदेश की लंबसिंगी ट्राइबल प्रोडक्ट्स एफपीसी लिमिटेड ने नई दिल्ली में 27 -29 दिसंबर, 2023 के दौरान आयोजित कृषि एक्सपो में भाग लिया और अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया।

***तेलंगाना राज्य स्तरीय युवा उत्सव***

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के किउसं-नेस्ट दल ने 28-29 दिसंबर, 2023 के दौरान सहकारी प्रशिक्षण संस्थान, राजेंद्र नगर, हैदराबाद में राज्य स्तरीय युवा उत्सव-2023 के दौरान एक स्टॉल लगाया। इस राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के दौरान विभिन्न राज्य और केंद्रीय विकास विभाग ने अपने स्टालों के माध्यम से युवाओं के सामने अपनी उपलब्धियों और नवाचारों को प्रदर्शित किया। इस संबंध में, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद को राज्य युवा उत्सव-2023 के दौरान श्री अन्न क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मान्यता मिली।

## समझौता ज्ञापन

सं.प्रौ.प्र.ए., भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के माध्यम से दिसंबर, 2023 के दौरान भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं में निम्नलिखित करार ज्ञापन/ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। भाश्रीअनुसं की ओर से भाश्रीअनुसं के निदेशक डॉ. सी तारा सत्यवती ने समझौतों पर हस्ताक्षर किए। करार ज्ञापन/समझौते के विवरण निम्नानुसार है :

| करार तिथि | दूसरा दल/लाइसेंसधारी | करार/समझौते का प्रयोजन | दूसरे दल के हस्ताक्षरकर्ता | साक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| 05 दिसम्बर, 2023 | सर्वश्री मोमाई ट्रेडिंग, गुजरात | ज्वार संकर सीएसएच 24 एमएफ हेतु | श्री अमित धानक, निदेशक | डॉ. अविनाश सिंगोडे तथा डॉ. जे स्टेनली |
| 28 दिसंबर, 2023 | श्री गुरु गोविंद सिंह, ट्राइसेंटेनरी यूनिवर्सिटी, | छात्र अनुसंधान | डॉ. जोगिंदर यादव, कुल सचिव | डॉ. पी संजना रेड्डी तथा डॉ. जे स्टेनली |

## आभासी बैठकों / प्रशिक्षणों / कार्यशालाओं / संगोष्ठियों में सहभागिता

| क्र.सं. | पदाधिकारी का नाम | कार्यक्रम विवरण | प्रकार | स्थल/आयोजक/ प्रयोजन | तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी तारा सत्यवती | भाकृअनुप क्षेत्रीय समिति III की ऑनलाइन बैठक | बै | भाकृअनुप, नई दिल्ली | 1 दिसंबर, 2023 |
| 2 | सी तारा सत्यवती | "श्री अन्न परचय" विषय पर संगोष्ठी एवं अतिथि वक्ता के रूप में व्याख्यान | सं | सिकंदराबाद छावनी, सिकंदराबाद | 1 दिसंबर, 2023 |
| 3 | सी तारा सत्यवती | आईएआरआई-मेगा यूनिवर्सिटी-हैदराबाद हब की ऑनलाइन बैठक | बै | भाकृअनुप-क्रिडा, हैदराबाद | 1 दिसंबर, 2023 |
| 4 | सी तारा सत्यवती और स्वर्णा रोणंकि | फसल मौसम निगरानी समूह की बैठक | बै | फसल पूर्वानुमान समन्वय केंद्र, नई दिल्ली | 04, दिसम्बर, 2023 |
| 5 | सी तारा सत्यवती | भावी कृषि एवं कृषि में भविष्य पर अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण में "खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए श्री अन्न" पर ऑनलाइन व्याख्यान | प्र | आरवीएसकेवीवी-ग्वालियर, मप्र | 04, दिसम्बर, 2023 |
| 6 | सी तारा सत्यवती | पोषक-संवेदनशील कृषि पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में "लघु जोत में श्री अन्न को बढ़ावे हेतु पोषण-संवेदनशील कृषि एक व्यवहार्य अवधारणा" पर व्याख्यान | प्र | विस्तार शिक्षा संस्थान (दक्षिणी क्षेत्र), विस्तार निदेशालय, कृ.कृ.क. विभाग, नई दिल्ली | 05, दिसम्बर, 2023 |
| 7 | सी तारा सत्यवती | एग्री-टेक 2023. "श्री अन्न - पोषक-खाद्य" सत्र हेतु मुख्य अतिथि के रूप में ऑनलाइन सहभागिता तथा संबोधन | सं | अंगराउ, गुंटूर | 05, दिसम्बर, 2023 |
| 8 | सी तारा सत्यवती | शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए स्नातक/स्नातकोत्तर/ पीएचडी शैक्षणिक कार्यक्रम गतिविधियों के रोडमैप पर चर्चार्थ मेगा यूनिवर्सिटी-हैदराबाद हब बैठक | बै | भाकृअनुप-क्रिडा, हैदराबाद | 06, दिसम्बर, 2023 |
| 9 | सी तारा सत्यवती | भाकृअनुप संस्थानों की एटीआर की ऑनलाइन समीक्षा बैठक | बै | भाकृअनुप, नई दिल्ली | 07, दिसम्बर, 2023 |
| 10 | सी तारा सत्यवती | "उर्वरक और कृषि क्षेत्रों में नवाचार" विषय पर वार्षिक संगोष्ठी में "खाद्य और पोषण सुरक्षा में श्री अन्न की भूमिका" पर ऑनलाइन व्याख्यान | सं | फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया, नई दिल्ली | 07, दिसम्बर, 2023 |
| 11 | सी तारा सत्यवती | अंतर्राष्ट्रीय विनिमय कार्यक्रम एफएओ प्रशिक्षण पर ज़ूम बैठक | बै | भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं-हैदराबाद | 09, दिसम्बर, 2023 |
| 12 | सी तारा सत्यवती | "बागवानी फसलों के अनुकूल जीनॉमिक्स तथा प्रायोगिक डिजाइनों में प्रगति" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में "बागवानी फसलों में पौष्टिक-औषधीय तत्व के रूप में श्री अन्न फसलों के लिए अवसर" पर व्याख्यान | प्र | फल एवं बागवानी प्रौद्योगिकी प्रभाग, भाकृअनुप-आईएआरआई, नई दिल्ली | 11 दिसंबर, 2023 |
| 13 | सी तारा सत्यवती | पादप कार्यिकी 2023 के राष्ट्रीय सम्मेलन के सत्र X : पोषण व जलवायु लचीलेपन हेतु श्री अन्न की अध्यक्षता तथा "श्री अन्न : जलवायु लचीले पोषक-अनाज" पर मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान | स | भाकृअनुप-आईएआरआई, नई दिल्ली | 11 दिसंबर, 2023 |
| 14 | सी तारा सत्यवती | भाकृअनुप संस्थानों की एटीआर की ऑनलाइन समीक्षा बैठक | बै | भाकृअनुप- नई दिल्ली | 12, दिसंबर, 2023 |
| 15 | सी तारा सत्यवती | अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह | बै | लुलु इंटरनेशनल शॉपिंग मॉल प्रा. लिमिटेड, हैदराबाद | 12, दिसंबर, 2023 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | सी तारा सत्यवती | भाकृअनुप संस्थानों की एटीआर की ऑनलाइन समीक्षा बैठकें | बै | भाकृअनुप- नई दिल्ली | 13, दिसम्बर, 2023 |
| 17 | सी तारा सत्यवती | अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न एक्सपो और कॉन्क्लेव 2023 का समापन समारोह और मुख्य अतिथि के रूप में संबोधन | बै | मिलेट फाउंडेशन और टैन-मिलेट्स, चेन्नई | 13, दिसम्बर, 2023 |
| 18 | सी तारा सत्यवती और एस श्रीविद्या | "वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए श्री अन्न" पर अंतर्राष्ट्रीय गोलमेज बैठक | बै | मैनेज, हैदराबाद में एएआरडीओ तथा मैनेज के द्वारा आयोजित | 13 - 14 दिसंबर, 2023 |
| 19 | स्वर्णा रोणंकि | 'वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए श्री अन्न' पर अंतर्राष्ट्रीय गोलमेज बैठक | बै | मैनेज तथा एएआरडीओ, हैदराबाद के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित | 14, दिसंबर, 2023 |
| 20 | सी तारा सत्यवती | भाकृअनुप संस्थानों की एटीआर की ऑनलाइन समीक्षा बैठकें | बै | भाकृअनुप- नई दिल्ली | 14 व 15 दिसंबर, 2023 |
| 21 | सी तारा सत्यवती | एनएफएसएम के अंतर्गत सीएफएलडी, कृषि मैपर ऐप, सीड-हब की उन्नत योजना की निगरानी पर ऑनलाइन बैठक | बै | एनएफएसएम, डीए एंड एफडब्ल्यू, नई दिल्ली | 15 दिसंबर, 2023 |
| 22 | सी तारा सत्यवती | बजट एवं अन्य विभागीय मुद्दों पर उप महानिदेशक (खाद्य एवं चारालफसल) के साथ ऑनलाइन बैठक | बै | भाकृअनुप- नई दिल्ली | 15 दिसंबर, 2023 |
| 23 | स्वर्णा रोणंकि | श्री अन्न कमोडिटी प्रोफाइल की तैयारी पर बैठक | बै | भाकृअनुप- राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्र और नीति अनुसंधान संस्थान (एनआईएपी), नई दिल्ली | 18 दिसंबर, 2023 |
| 24 | सी तारा सत्यवती | भाकृअनुप संस्थानों की एटीआर की ऑनलाइन समीक्षा बैठक | बै | भाकृअनुप- नई दिल्ली | 16-23 दिसंबर, 2023 |
| 25 | सी तारा सत्यवती | कमोडिटी प्रोफ़ाइल हेतु बैठक | बै | विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, फ़रीदाबाद | 18 दिसंबर, 2023 |
| 26 | सी तारा सत्यवती | ऑनलाइन व्यय समीक्षा बैठक | बै | भाकृअनुप, नई दिल्ली | 19 दिसंबर, 2023 |
| 27 | सी तारा सत्यवती | निकट भविष्य की चुनौतियों का सामना करने हेतु प्रौद्योगिकी-संचालित कृषि पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीटीए 2023) | स | गलगोटियास विश्वविद्यालय, कृषि विद्यालय, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश | 19 दिसंबर, 2023 |
| 28 | सी तारा सत्यवती | ऑनलाइन मोड में असम श्री अन्न मिशन की दूसरे शासी निकाय की बैठक | बै | असम श्री अन्न मिशन, एआरआईएएस सोसायटी, गुवाहाटी | 20 दिसंबर, 2023 |
| 29 | सी तारा सत्यवती | अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष 2023 पर सम्मेलन : परिणाम व भावी रोडमैप | स | एनएएएस, नई दिल्ली | 20 दिसंबर, 2023 |
| 30 | सी तारा सत्यवती | 14वां कृषि नेतृत्व सम्मेलन में मॉडरेटर के रूप में सेवाएं | स | एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप, नई दिल्ली | 21 दिसंबर, 2023 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 31 | सी तारा सत्यवती | बारानी कृषि हेतु अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के कार्य समूह की XVIII बैठक तथा बाकृअभासअनुप-एनआईसीआरए की X ऑनलाइन वार्षिक समीक्षा बैठक। फसल प्रणाली एवं वैकल्पिक भूमि उपयोग पर तकनीकी सत्र-II की अध्यक्षता की | बै | भाकृअनुप-क्रिडा, हैदराबाद | 22 दिसंबर, 2023 |
| 32 | सी तारा सत्यवती | अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष 2023 का ऑनलाइन समापन समारोह - “श्री अन्न चमत्कार : नवाचार और उन्नति के दशक” में "श्री अन्न मील का पत्थर महोत्सव - कृषि परिप्रेक्ष्य" पर व्याख्यान | बै | पीजेटीएसएयू, हैदराबाद | 22 दिसंबर, 2023 |
| 33 | सी तारा सत्यवती | "अभिनव स्वास्थ्य खाद्य पदार्थों हेतु कृषि-व्युत्पन्न पोषक एवं पौष्टिक-औषधीय तत्व : औजार व कार्यनीतियां" पर सीएएफटी प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्याख्यान | प्र | भाकृअनुप-भाकृअनुसं, नई दिल्ली | 26 दिसंबर, 2023 |
| 34 | सी तारा सत्यवती | भाकृअनुप के दक्षिण क्षेत्र फसल विज्ञान संस्थानों के जेडटीएमसी वैज्ञानिकों हेतु "बौद्धिक संपदा प्रबंधन" पर ऑनलाइन जागरूकता कार्यशाला में "आईपीआर का महत्व" पर उद्घाटन संबोधन | का | भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद | 27 दिसंबर, 2023 |
| 35 | सी तारा सत्यवती | श्री अन्न व मछली कार्यक्रम हेतु ऑनलाइन संगोष्ठी में मुख्य अतिथि संबोधन | सं | सीएमएफआरआई, कोच्चि | 28 दिसंबर, 2023 |
| 36 | सी तारा सत्यवती | श्री अन्न के लिए वैश्विक अनुसंधान एवं विकास केंद्र के कार्यान्वयन की समीक्षा हेतु समिति की ऑनलाइन बैठक | बै | भाकृअनुप, नई दिल्ली | 29 दिसंबर, 2023 |


IIMR
भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान
ICAR-Indian Institute of Millets Research

nutri hub
Innovation | Technology | Business

INTERNATIONAL YEAR OF MILLETS 2023

संकलन एवं संपादन
डॉ. महेश कुमार, डॉ. के वी राघवेन्द्र राव,
डॉ. जिनु जेकब तथा डॉ. वी वेंकटेश भट
फोटो, अभिकल्पना तथा रूपरेखा
एच एस गावली
प्रकाशक एवं मुख्य संपादक
निदेशक,
भाकृअनुप - भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान



**श्री अन्न वैश्विक उत्कृष्टता केंद्र**

**भाकृअनुप - भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान**

**बाजरा, ज्वार तथा लघु श्री अन्न पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना**

**राजेन्द्रनगर, हैदराबाद-500053** दूरभाष : 040-24599300 ई-मेल : millets.icar@nic.in वेबसाइट : www.millets.res.in

**रबी ज्वार अनुसंधान केंद्र (भाश्रीअनुसं)**
राष्ट्रीय राजमार्ग-9, बायपास, शेल्गी,
सोलापुर-413006 (महाराष्ट्र)
दूरभाष : 0217-2373456 फैक्स : 0217-2373456
ई-मेल : solapur@millets.res.in
वेबसाइट : www.millets.res.in

**ज्वार गैर-मौसमी पौधशाला (भाश्रीअनुसं)**
प्रभारी अधिकारी,
भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, आरएआरएस
(पीजेटीएसएयू) मुलुगू रोड़. वरंगल

**क्षेत्रीय बाजरा अनुसंधान केंद्र (भाश्रीअनुसं)**
गुड़ामालानी, बाड़मेर,
राजस्थान
ई-मेल : barmer@millets.res.in